स्मृति–पत्र

1. संस्था का नाम : इस संस्था का नाम **"आदर्श ग्रामीण सेवा"** होगा।

2. निबंधित कार्यालय : इस संस्था का निबंधित कार्यालय–ग्राम– नाथ नगर, पो०–मैनानगर, थाना–प्राणपुर, जिला – कटिहार पिन नं० 854116 (बिहार)में होगा। यदि निबंधित कार्यालय के पते में कोई परिवर्त्तन होता है, तो परिवर्त्तन की सूचना 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर निबंधन महानिरीक्षक, बिहार पटना को दे दी जाएगी ।

3. कार्यक्षेत्र : इस संस्था का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारतवर्ष होगा ।

4. उद्देश्य : इस संस्था के निम्नलिखित उद्देश्य होंगें :–

1. शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए कम्प्यूटर शिक्षा, इलेक्ट्रोनिक्स, रेडियो एवं टेलीविजन निर्माण एवं मरम्मति, हार्डवेयर, सॉफ्ट्वेयर टाईपिंग, शॉटहेण्ड, ब्यूटिशियन कोर्स, इलेक्ट्रीकल्स, मोटर वाईन्डिंग इत्यादि का प्रशिक्षण देना तथा प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन करना ।

2. संस्था गरीब लोगों, अल्पसंख्यकों, अनाथों एवं महिलाओं के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिऐ हर संभव प्रयास करेगी ।

3. शिक्षा के प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर लोगों को बौद्धिक विकास में मदद करेगी तथा गरीबों एंव शोषितों के लिए विभिन्न तकनीकि एवं गैर तकनीकि प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन, विद्यालय, महाविद्यालय एवं आवासीय विद्यालय, पुस्तकालय, वाचनालय, पठन–पाठन कक्ष, छात्रावास, अध्यात्मिक शोध एवं प्रशिक्षण केन्द्र, दलित एवं आदिवासी विद्यालय, मूक एवं बधिर विकलांग विद्यालय का संचालन करना, गरीब, असहाय, विकलांग, अल्पसंख्यक छात्र एवं छात्राओं को हर संभव आर्थिक सहायता देकर आगे बढ़ने में मदद करना।

4. केन्द्र तथा राज्य सरकार के समाज कल्याण विभाग की योजनाओं को कार्यान्वयन में सहयोग करना एवं मदद करना।